# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

| क्र. सं. | अपील संख्या | अपीलार्थीगण का नाम | प्रत्यर्थी विभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | 306/2016 | ईश्वर सिंह | 1. जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक), झुन्झुनू।<br>2. निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स वेलफेयर विभाग, ज्योति नगर, जयपुर। |
| 2. | 308/2016 | सत्यवीर सिंह | जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक), झुन्झुनू। |

आदेश की दिनांक : 08.01.2024

उपस्थित –
अपीलार्थी की ओर से : श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर, अभिभाषक
प्रत्यर्थी विभाग की ओर से : श्री जगन्नाथ खण्डप्पा, राजकीय अभिभाषक

समक्ष :– अनन्त भण्डारी, सदस्य (न्यायिक)
चेतन राम देवड़ा, सदस्य

## आदेश

1. उपरोक्त वर्णित दोनों अपीलों में समान आपत्ति उठायी गयी है। अतः दोनों अपीलों का निस्तारण एक साथ इस आदेश के द्वारा किया जा रहा है। सुविधा की दृष्टि से अपील संख्या 306/2016 ईश्वर सिंह बनाम राजस्थान राज्य के तथ्य अंकित किये जा रहे हैं।
2. अपीलार्थी के अधिवक्ता का तर्क है कि अपीलार्थी की प्रथम नियुक्ति अध्यापक ग्रेड–तृतीय के पद पर पंचायती राज विभाग द्वारा आदेश दिनांक 05.09.1985 के द्वारा हुई थी एवं अपीलार्थी ने अपनी सेवाएं दिनांक 12.09.1985 को प्रारम्भ की। अपीलार्थी को नियमित पे–स्केल दिया गया। अपीलार्थी अस्थायीरूप से नियुक्त किया गया था और उसकी सेवाएं स्क्रिनिंग के पश्चात 1989 से नियमित की गयी। अपीलार्थी ने उपरोक्त तथ्य अंकित करते हुए यह निवेदन किया है कि अपीलार्थी को उसकी प्रथम नियुक्ति की दिनांक 12.09.1985 से गणना करते हुए द्वितीय एवं तृतीय चयनित वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए।
3. प्रत्यर्थी विभाग की ओर से जवाब प्रस्तुत कर यह अंकित किया गया है कि अपीलार्थी की अस्थाई नियुक्ति विकास अधिकारी पंचायत समिति लुनकरणसर द्वारा आदेश दिनांक 05.09.1985 के द्वारा केवल 6 माह के लिए तदर्थ अस्थाई संत्रात तक के लिए नियुक्ति की गई। अपीलार्थी नियमित नियुक्ति से ही सेवा संबधित लाभ प्राप्ति का विधिक अधिकारी होने से उक्त अपील सारहीन और निरर्थक तथ्यों पर आधारित होने से काबिल निरस्त किये जाने योग्य है। मुख्य

